मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

मार्च 2013

आप तक हमारे पत्र पहुँच रहे हैं फलस्वरूप दूरभाष, ई–मेल पत्र, SMS आदि माध्यम से आपके भाव हम जान सके हैं, आपके सुझाव के अनुरूप इस पत्र में हम संस्था की प्रगति के संबंध में जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं। आपके द्वारा दिये गये सुझावों के लिए हमारा साधुवाद स्वीकारने की कृपा करें। कृपया हमें 09827250752 पर SMS करके या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करके अपना प्रत्युत्तर जरूर सूचित करने का कष्ट करें।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन की श्रृंखला में दिनांक 10 मार्च 2013 (रविवार) को सकल दिगम्बर जैन समाज जरूआखेड़ा एवं भाग्योदय तीर्थ चेरिटेबिल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में ज्ञानकुंज भवन, जरूआखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 300 मरीज लाभान्वित हुये। शिविर में डॉ.नितिन जैन (एमडी मेडीसिन), डॉ. संतोष राय (एमएस सर्जन) डॉ.रजनीश मिश्रा (एमएस आर्थो) डॉ.सुनील जैन (बीडीएस दंतरोग विशेषज्ञ), डॉ.दिलीप जैन (एमएस ईएनटी), डॉ.ऋषभ जैन, डॉ.धीरेन्द्र सिंह, डॉ.विवेक जैन, डॉ.नरेश जैन एवं पैरामेडीकल स्टाफ ने सेवायें प्रदान कीं।

थैलीसीमिया से ग्रसित बच्चों को रक्त उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 09.03.2013 को ग्राम खिमलासा में कुन्दल मेडीकल स्टोर्स के सौजन्स से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 9 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। इसी तरह 24.03.2013 को झूलेलाल धर्मशाला सिंधीकेम्प, सागर में सिन्धु युवा संस्थान, सागर के सौजन्स से रक्तदान शिविर आयोजित कराया गया। इस शिविर में 27 दानदाताओं ने अपना रक्तदान किया। रक्तदान के उपरोक्त दोनों शिविरों में भाग्योदय तीर्थ ब्लड बैंक (रक्तकोष) की टीम ने अपनी सराहनीय सेवायें प्रदान कीं।

फॉर्मेसी कॉलेज वार्षिक उत्सव दिनांक 17.03.13 रविवार को भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज में मनाया गया जिसमें कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने गीत, गज़ल, मिमिक्री, चुटकुले, नाटक एवं नृत्य आदि के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डॉ.हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के प्रो. अभय सिंघई, प्रो.डी.बी. कोहली एवं प्रो.संजय जैन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ.गौर विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त एवं BTPC में नवनियुक्त डीन प्रो.विनोद दीक्षित तथा BTPC चेयरमेन श्री सुगम कोठारी ने फैकल्टी मेम्बर्स, फार्मेसी स्टाफ एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता पर बधाईयॉ दीं।

जयपुर गोल्डन चिकित्सालय दिल्ली एवं मिरैकल्स चिल्ड्रन चिकित्सालय भोपाल के पूर्व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास तिवारी (MBBS, DCH) की सेवाएं इस माह से आपकी संस्था में संचालित होने लगी है।

धर्मशाला निर्माण कार्य भी निरंतर प्रगति पर है।

माह मार्च 2013 में Rs.764011.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा संपूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

हम आपके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस हेतु हम अपने प्रत्येक पत्र में सामान्य बिमारीयों के ईलाज हेतु आयुर्वेद नुस्खे बतायेंगे। आशा है पत्र का यह कालम आपको पसंद आयेगा।

इस पत्र में सर्दी की बीमारी को दूर करने का नुस्खा बताया जा रहा है।

- कालीमिर्च, लोंग एवं सोंठ को समान मात्रा में पीसकर 1–2 ग्राम शक्कर के साथ दिन में 2 या 3 बार लें।

या

- तली हल्दी की गांठ को, सॉस पेन (खाना पकाने के बर्तन) में जलाकर 1–2 ग्राम शक्कर के साथ दिन में तीन बार लें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी